दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र: 2024-25

साप्ताहिक परीक्षा -1(पुनरावृत्ति पत्रिका)

कक्षा-पाँचवीं **विषय-हिंदी**

उपविषय: पाठ-1 एक बूँद (कविता), पाठ-2 शेर और लड़का

व्याकरण: भाषा और व्याकरण, अपठित गद्यांश

खंड-क

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रार्थना-सभा बहुत महत्वपूर्ण होती है। प्रत्येक विद्यालय में सबसे पहले प्रार्थना-सभा का आयोजन किया जाता है।इस सभा में विद्यार्थियों व अध्यापक-अध्यापिकाओं का सम्मिलित होना आवश्यक होता है।प्रार्थना-सभा केवल ईश्वर का ध्यान करने के लिए ही नहीं होती, बल्कि यह हमें अनुशासन भी सिखाती है।हमारे विद्यालय की प्रार्थना-सभा में ईश्वर की आराधना के बाद किसी एक कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा किसी विषय पर कविता, दोहे, विचार, भाषण, लघु-नाटिका आदि प्रस्तुत किए जाते हैं व सामान्य ज्ञान पर आधारित जानकारी भी दी जाती है।जब कोई त्योहार आता है,तब विशेष प्रार्थना-सभा का आयोजन किया जाता है। प्रधानाचार्या महोदया भी विद्यार्थियों को सभा में संबोधित करती हैं। प्रार्थना-सभा का अंत राष्ट्रगान से होता है।

प्र०1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क) प्रार्थना-सभा में किसका सम्मिलित होना आवश्यक होता है ?

ख) प्रार्थना-सभा में ईश्वर की आराधना के बाद क्या होता है ?

प्र॰2 निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए।

क) आवश्यक - शामिल, ज़रूरी, मलिन

ख) आराधना - पूजा, पवित्र, निर्मल

प्र॰3 सही विकल्प चुनकर लिखिए।

क) प्रधानाचार्या महोदया जी किनको सभा में संबोधित करती हैं ?

अ) अध्यापकों को ब) विद्यार्थियों को स) कर्मचारियों को

ख) प्रार्थना-सभा का अंत किससे होता है ?

अ) राष्ट्रगान से ब) समूहगान से स) भक्ति गान

प्र॰4 निम्नलिखित वाक्यों के आगे सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए।

क) प्रत्येक विद्यालय में सबसे पहले प्रार्थना-सभा का आयोजन किया जाता है। ( )

ख) प्रार्थना-सभा केवल ईश्वर का ध्यान करने के लिए ही होती है। ( )

खंड-ख

प्र॰5 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर भाषा का सही रूप लिखिए।

क) सुमन निबंध लिख रही है।

ख) राहुल संगीत सुन रहा है।

प्र॰6 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।

क) पिता जी आई हैं।

ख) मेरे को बाज़ार जाना है।

प्र॰7 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द चुनकर कीजिए।

क) तमिलनाडु में ________ भाषा बोली जाती है। (हिंदी/तमिल)

ख) उर्दू भाषा की लिपि _______ है। (गुरुमुखी/फ़ारसी)

खंड-ग

प्र०8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क) लड़के ने शेर से बचने के लिए क्या उपाय सोचा ?

ख) लड़के की नींद क्यों खुल गई ?

प्र०9 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

क) मंशा ख) फ़िक्र

प्र०10 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

क) जिस पेड़ पर लड़का बैठा था, वहाँ की ज़मीन कुछ _______ थी।

ख) भूख-प्यास से शक्ति न रहने पर भी लड़का _______ पड़ा।

प्र०11 सही विकल्प चुनकर लिखिए।

क) शेर झरने के पास क्यों गया ?

अ) आराम करने ब) नहाने स) पानी पीने

प्र०12 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए।

बह गई उस --------------------------

------------------------- आई अनमनी

एक सुंदर सीप ----------------------

----------------------------, मोती बनी।